डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी
सचिव
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, तथा
महानिदेशक

**Dr. (Mrs.) N. Kalaiselvi**
**Secretary**
**Department of Scientific & Industrial Research, and**
**Director General**

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
**Government of India**
**Ministry of Science and Technology**
**Council of Scientific & Industrial Research**
**Department of Scientific & Industrial Research**

D.O.No. 7-8(26)-D/2026-DRC
Dated 11th August, 2026

Dear Madam/Sir,

We are in search of eminent Scientists/Technologists for the position of Director of CSIR-National Botanical Research Institute (CSIR-NBRI), Lucknow. I would like to inform you that CSIR-NBRI, Lucknow is a premier constituent Laboratory/ Institute of CSIR. In this regard, I am enclosing herewith a copy of the Advertisement No.03/2026 indicating the essential/desirable qualifications and experience required for the position.

The candidate for the position of Director must be an accomplished Scientist/Technologist; a thinker; a visionary with a passion to serve the society through high science & technological innovation and having required R&D experience in the areas of activities of the Institute/Laboratory with demonstrated excellence of leadership.

I shall be grateful if you could please give wide publicity to the advertisement and also nominate Scientists/Technologists suitable for the above position and send their Curriculum Vitae for consideration of the Search-cum-Selection Committee by 15.09.2026 at dg.csir@csir.res.in and drc.hqrs@csir.res.in. In case, the Curriculum Vitae is not readily available, you may kindly send his/her contact address, email and telephone number etc. Please do ascertain the availability and willingness of the persons being nominated before submitting their CV(s) for consideration of the Search-cum-Selection Committee.

Looking forward to hear from you.

With Best Regards,

N. Kalaiselvi
(N.Kalaiselvi) 11/08/2026

Encl: As above.

सत्यमेव जयते

**डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी**
सचिव
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, तथा
महानिदेशक

**Dr. (Mrs.) N. Kalaiselvi**
Secretary
Department of Scientific & Industrial Research, and
Director General

सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
The Innovation Engine of India

**भारत सरकार**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्**
**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग**
**Government of India**
**Ministry of Science and Technology**
**Council of Scientific & Industrial Research**
**Department of Scientific & Industrial Research**

अर्ध शा. सं. 7–8(26)–डी/2026–डीआरसी
दिनांक: 11 अगस्त, 2026

महोदया / महोदय,

हम सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एनबीआरआई), लखनऊ के निदेशक पद के लिए एक प्रख्यात वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद् की तलाश में हैं। मैं अवगत कराना चाहूंगी कि सीएसआईआर–एनबीआरआई, लखनऊ, सीएसआईआर की एक अग्रणी घटक प्रयोगशाला/संस्थान है । इस संबंध में, मैं विज्ञापन संख्या 03/2026 की एक प्रति संलग्न कर रही हूं, जिसमें इस पद के लिए आवश्यक योग्यता और अनुभव का उल्लेख है।

निदेशक पद के लिए एक कुशल वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद्, एक विचारक, एक दूरदर्शी उम्मीदवार अपेक्षित है, जिसमें उच्च वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार के माध्यम से समाज की सेवा करने की लगन हो और संस्थान/प्रयोगशाला की गतिविधियों के क्षेत्रों में आवश्यक अनुसंधान एवं विकास का अनुभव हो, साथ ही नेतृत्व की उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया हो ।

यदि आप इस विज्ञापन का व्यापक प्रचार–प्रसार करें और उपरोक्त पद के लिए उपयुक्त वैज्ञानिकों/प्रौद्योगिकीविदों को नामांकित करके उनका बायोडाटा 15.09.2026 तक dg.csir@csir.res.in और drc.hqrs@csir.res.in पर चयन समिति के विचारार्थ भेजें, तो मैं आपकी आभारी रहूंगी। यदि बायोडाटा तुरंत उपलब्ध न हो, तो कृपया उनका संपर्क पता, ईमेल पता और टेलीफोन नंबर आदि भेजें। कृपया चयन समिति के विचारार्थ बायोडाटा भेजने से पहले नामांकित व्यक्तियों की उपलब्धता और सहमति अवश्य सुनिश्चित कर लें।।

आपके उत्तर की प्रतीक्षा में ।

एन. कलैसेल्वी
(एन. कलैसेल्वी) 11/08/2026

संलग्न: यथोपरि ।

Advt. No. 03/2026

**COUNCIL OF SCIENTIFIC AND INDUSTRIAL RESEARCH**
**Anusandhan Bhawan, 2 Rafi Marg, New Delhi-110 001**

**CSIR is looking for Director, CSIR-National Botanical Research Institute (CSIR-NBRI), Lucknow.**

Council of Scientific and Industrial Research (CSIR) established in 1942, is an autonomous R&D organization under the Department of Scientific and Industrial Research (DSIR), Ministry of Science and Technology. Being a premier R&D organization of the country, CSIR has been contributing to the techno-socio-economic development through its varied S&T and Innovation-based interventions since its inception. With 37 state-of-the-art constituent laboratories, today CSIR is amongst the largest publicly funded innovative scientific and research organizations in the world. CSIR's expertise and experience is embodied in its nearly 3,500 Scientists and 4,000 scientific and technical support personnel apart from about 9,000 JRF/SRF/RA and project staff. CSIR publishes more than 5,000 papers annually in peer-reviewed International journals (SCI). Presently, CSIR has a patent portfolio of 1,340 unique patents in force in India, out of which 147 patents have been licensed/assigned to industry. CSIR also has 888 granted in-force patents abroad in multiple countries.

According to the SCImago Institutions Rankings (SIR) World Report 2026, the Council of Scientific and Industrial Research (CSIR) is ranked 101$^{st}$ among 2,331 government institutions worldwide, making it the only Indian organization to feature among the top 200 global government institutions. In Asia CSIR is ranked 9$^{th}$ in Research and 8$^{th}$ in Societal Impact among 797 government organizations. At the national level, CSIR continues to hold the 1$^{st}$ overall rank among government institutions in India. CSIR has ushered India into a knowledge economy while grooming and nurturing talent in various streams of Science and Technology. CSIR has the distinction of having the Hon'ble Prime Minister of India as the President of its Society. CSIR, over the period has developed numerous technologies and is presently working on various cutting-edge technological fronts to lead the nation for its dream of Atma Nirbhar Bharat.

CSIR is looking for outstanding R&D professionals to head its prestigious Institute, CSIR-National Botanical Research Institute. This advertisement is for the position of Director of CSIR-National Botanical Research Institute (CSIR-NBRI), Lucknow in level 15 of Pay Matrix (Rs.1,82,200- 2,24,100) with allowances as admissible. The details are as shown below:

**CSIR-National Botanical Research Institute (CSIR-NBRI), Lucknow** is one of India's premier centres of excellence in plant science, internationally recognized for its pioneering contributions to the documentation, conservation, and sustainable utilization of plant diversity through both traditional and advanced biotechnological approaches. The Institute has made significant contributions in plant biotechnology, molecular biology, genetics, plant physiology, phytochemistry, biodiversity conservation, environmental sustainability, climate resilience, and the reclamation of degraded ecosystems. As a premier laboratory of the Council of Scientific and Industrial Research (CSIR), the Institute bridges fundamental research with translational innovation, developing technologies and solutions that support national priorities and the

Sustainable Development Goals (SDGs). Equipped with world-class NABL-accredited scientific infrastructure, one of the country's largest digitized herbaria, and a strong track record in technology development and commercialization, CSIR-NBRI maintains extensive collaborations with academia, industry, and government. In addition, the Institute conducts a range of training and skill development programmes for farmers, entrepreneurs, students, and researchers, facilitating technology dissemination, capacity building, and the promotion of plant-based enterprises, through its scientific excellence, innovation, and outreach initiatives, CSIR-NBRI continues to play a leading role in advancing plant science and sustainable bioresource management in India and beyond.

For more details about the institute, visit http://www.nbri.res.in

**Qualifications, Experience and Age: -**

**Essential Qualifications**: Ph.D. in Natural Sciences or Master's Degree in Engineering/ Health/Medical Sciences (for Engineering Health/Medical Sciences, Ph.D. is desirable).

**Age:** 45 years or above but not exceeding 56 years.

**Experience:** At least 16 years of experience in Research and Development (with focus on translational research) in the areas of activities of the laboratory/Institutes/Centre and demonstrated excellence in leadership therein.

Years of experience shall be computed from the beginning of candidate's research career.

**Relaxation:** The qualifications, age and experience can be relaxed in case of exceptionally meritorious candidates with the approval of DG, CSIR.

**Candidate:** Should be creative, innovative and a well-recognized scientist/technologist having a demonstrated ability to manage multidisciplinary R&D teams with excellent interpersonal relations. The candidate should have made significant contributions in terms of technology development apart from creation of IP and publications. He/ She should be able to create a conducive environment for nurturing high class research and development.

**Responsibilities:** The Director shall supervise and exercise administrative control on the staff of the Institute and shall be responsible for (i) realizing the mission of the Institute, and (ii) creating an environment conducive to nurture innovation and high class R&D and other S&T activities of the Laboratory/Institute in keeping with societal/industrial priorities.

**Appointment:** The appointment to the post of Director will be made for a tenure of six years or till superannuation, whichever is earlier, in level 15 of Pay Matrix (Rs.1,82,200- 2,24,100) with allowances as admissible. The tenure period will be renewable only in exceptional cases. Director can be considered for absorption/placement in CSIR as Director's Grade Scientist i.e. Scientist 'H'/Outstanding Scientist, as per rules.

**Benefits:** The provision to share money realized from external contract R&D, consultancy and rendering of S&T services is also available as per extant rules. Residential accommodation and transport are provided as per rules. In addition, medical and other facilities are provided as per CSIR rules.

**How to apply:** The application/nomination for the post with detailed bio-data highlighting scientific and translational contributions in details alongwith list of publications/patents etc.may be sent through email on email ID **drc.hqrs@csir.res.in** or by post to Director RecruitmentCell,

Council of Scientific and Industrial Research (CSIR), Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi-110001. A brief bio-data in the proforma given below may also be sent. The last date of the receipt of applications is **15th September, 2026.**

**Format for Bio-Data**

1. Name of the Laboratory applied/nominated for:
2. Name:
3. Date of Birth:
4. Current Position and Address:
5. Educational Qualification:
6.

| Sl. No. | Degree/ Certificate | Year of Passing | University/Institute | Subjects |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

7. Academic/Research Experience/Employment

| Sl. No | From | To | Name of Organization | Position held |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

8. Areas of Specialization:
9. Honors/Awards/Recognitions received:
10. Professional Affiliations:
11.
    a) List of Research Publications including popular articles, if any;
    b) List of best professional outputs/outcomes in last 10 years, relevant to present field of specialization;
    c) Highlights of contributions to the area of specialization.

12. * Number of Books authored/edited:
13.
    a) Number of Patents/Copy rights/Trade Mark/IPR granted/applied for & highlights of translational research contributions:
    b) Technologies developed, Licensed and/or commercialized with details.

14. Dissertations supervised:
    a) Ph.D.
    b) Post-Graduation
15. 1-2 page summary of vision as Leader of CSIR-NBRI

16. List of 5 professional referees of high repute with whom candidate has interacted in the past.

I hereby declare that all the information mentioned above is true to the best ofmy knowledge.

Signature of the Applicant

Date:
Place:

* Details may be enclosed separately

Applicants are also requested to additionally fill the below pro-forma in word file format and send it along with their applications for the respective positions applied for:

| Name, Address and DOB | Qualification and Specialization | Experience (in chronological order) | Honors/ Awards | No. of pub./patent etc. | List of 05 referees |
|---|---|---|---|---|---|

**विज्ञापन सं. 03/2026**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**अनुसंधान भवन, 2 रफी मार्ग, नई दिल्ली–110 001**

**सीएसआईआर, सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एनबीआरआई), लखनऊ के निदेशक के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता हैं।**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), जिसकी स्थापना वर्ष 1942 में हुई थी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास संगठन है। देश के एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन के रूप में, सीएसआईआर अपनी स्थापना के समय से ही विभिन्न विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा नवाचार–आधारित प्रयासों के माध्यम से तकनीकी–सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है। अपनी 37 अत्याधुनिक घटक प्रयोगशालाओं के साथ, आज सीएसआईआर विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित नवाचारी वैज्ञानिक और अनुसंधान संगठनों में से एक है। लगभग 9,000 जेआरएफ/एसआरएफ/आरए और परियोजना कर्मियों के अतिरिक्त, सीएसआईआर की विशेषज्ञता और अनुभव इसके लगभग 3,500 वैज्ञानिकों तथा 4,000 वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहायक कर्मियों में समाहित है। सीएसआईआर द्वारा विशेषज्ञ–समीक्षित (पियर–रिव्यूड) अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं (एससीआई) में प्रतिवर्ष 5,000 से अधिक शोध–पत्र प्रकाशित किए जाते हैं। वर्तमान में, सीएसआईआर के पास भारत में प्रभावी 1,340 अनूठे पेटेंटों का एक पेटेंट पोर्टफोलियो है, जिनमें से 147 पेटेंट उद्योगों को अनुज्ञप्त/आवंटित किए जा चुके हैं। सीएसआईआर के पास विदेशों में भी विभिन्न देशों में स्वीकृत और प्रभावी 888 पेटेंट हैं।

सिमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग्स (एसआईआर) वर्ल्ड रिपोर्ट 2026 के अनुसार, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) को वैश्विक स्तर पर 2,331 सरकारी संस्थानों में 101वां स्थान प्राप्त हुआ है, जिससे यह शीर्ष 200 वैश्विक सरकारी संस्थानों में स्थान पाने वाला एकमात्र भारतीय संगठन बन गया है। एशिया में, 797 सरकारी संगठनों के मध्य सीएसआईआर को अनुसंधान में 9वां और सामाजिक प्रभाव में 8वां स्थान प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर, सीएसआईआर भारत में सरकारी संस्थानों के बीच निरंतर अपना समग्र प्रथम स्थान बनाए हुए है। सीएसआईआर ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की विभिन्न विधाओं में प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें पोषित करने के साथ–साथ भारत को एक ज्ञान–आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर किया है। सीएसआईआर को यह गौरव प्राप्त है कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री इसकी सोसाइटी के अध्यक्ष हैं। सीएसआईआर ने समय–समय पर अनेक प्रौद्योगिकियों का विकास किया है और वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्र–स्वप्न को साकार करने हेतु अग्रणी भूमिका निभाते हुए विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकीय क्षेत्रों पर कार्य कर रहा है।

सीएसआईआर को अपने प्रतिष्ठित संस्थान, सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के प्रमुख पद हेतु उत्कृष्ट अनुसंधान एवं विकास प्रोफेशनल्स की तलाश है। यह विज्ञापन पे मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200 – 2,24,100) एवं स्वीकार्य भत्तों सहित सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एनबीआरआई), लखनऊ के निदेशक पद के लिए है। इसका विवरण निम्नानुसार है:

**सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एनबीआरआई), लखनऊ** पादप विज्ञान के क्षेत्र में भारत के प्रमुख उत्कृष्ट केंद्रों में से एक है, जिसे पारंपरिक और उन्नत जैव–प्रौद्योगिकी दोनों दृष्टिकोणों के माध्यम से पादप विविधता के प्रलेखन, संरक्षण और संधारणीय उपयोग में अपने अग्रणी योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। इस संस्थान ने पादप जैव–प्रौद्योगिकी, आणविक जीव विज्ञान, आनुवंशिकी, पादप कार्यिकी, पादप–रसायन, जैव–विविधता संरक्षण, पर्यावरणीय संधारणीयता, जलवायु अनुकूलनशीलता तथा निम्नीकृत पारिस्थितिक तंत्रों के सुधार (पुनरुद्धार) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक प्रमुख प्रयोगशाला के रूप में, यह संस्थान राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का समर्थन करने वाली प्रौद्योगिकियों और समाधानों को विकसित करते हुए मूलभूत अनुसंधान तथा अनुप्रयोगात्मक नवाचार के मध्य सेतु का कार्य करता है। विश्व स्तरीय एनएबीएल–प्रत्यायित वैज्ञानिक अवसंरचना, देश के सबसे बड़े डिजिटल पादपालयों (हर्बेरिया) में से एक, तथा प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में सुदृढ़ ट्रैक रिकॉर्ड से सुसज्ञित, सीएसआईआर–एनबरी शिक्षाविदों, उद्योग और सरकार के साथ व्यापक सहयोग बनाए रखता है। इसके अतिरिक्त, यह संस्थान किसानों, उद्यमियों, छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों की एक श्रृंखला संचालित करता है, जिससे प्रौद्योगिकी के प्रसार, क्षमता निर्माण और पादप–आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने की सुविधा प्राप्त होती है। अपनी वैज्ञानिक उत्कृष्टता, नवाचार और आउटरीच पहलों के माध्यम से, सीएसआईआर–एनबरी भारत और उसके बाहर पादप विज्ञान तथा संधारणीय जैव–संसाधन प्रबंधन को आगे बढ़ाने में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

संस्थान के संबंध में अधिक विवरण के लिए, कृपया http://www.nbri.res.in पर जाएं।

**अर्हताएं, अनुभव और आयु: –**

**अनिवार्य अर्हताएं:** प्राकृतिक विज्ञान (नेचुरल साइंसेज) में पीएचडी या इंजीनियरिंग/स्वास्थ्य/चिकित्सा विज्ञान में मास्टर डिग्री (इंजीनियरिंग/स्वास्थ्य/चिकित्सा विज्ञान के लिए, पीएचडी वांछनीय है)।

**आयु:** 45 वर्ष या उससे अधिक, परंतु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**अनुभव:** प्रयोगशाला/संस्थान/केंद्र के कार्य–क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास (अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान पर विशेष ध्यान) में कम से कम 16 वर्ष का अनुभव तथा उसमें प्रदर्शित उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता।

अनुभव के वर्षों की गणना अभ्यर्थी के अनुसंधान संबंधी कार्यानुभव के प्रारंभ से की जाएगी।

**छूट:** असाधारण रूप से मेधावी अभ्यर्थियों के मामले में, महानिदेशक, सीएसआईआर के अनुमोदन से अर्हताओं, आयु और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**अभ्यर्थी:** अभ्यर्थी को रचनात्मक, नवोन्मेषी तथा उत्कृष्ट पारस्परिक संबंधों के साथ बहुविषयक अनुसंधान एवं विकास टीमों का प्रबंधन करने की प्रदर्शित क्षमता रखने वाला एक सुविख्यात वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद् होना चाहिए। बौद्धिक संपदा के सृजन और प्रकाशनों के अतिरिक्त, प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में अभ्यर्थी का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। वह उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं विकास को पोषित करने के लिए एक अनुकूल वातावरण निर्मित करने में सक्षम होना चाहिए।

**उत्तरदायित्व:** निदेशक संस्थान के कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखेंगे तथा उनका पर्यवेक्षण करेंगे और निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होंगे: (i) संस्थान के ध्येय (मिशन) को पूरा करना, और (ii) सामाजिक/औद्योगिक प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रयोगशाला/संस्थान के नवाचार एवं उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं विकास तथा अन्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी गतिविधियों को पोषित करने के लिए एक अनुकूल वातावरण का सृजन।

**नियुक्ति:** निदेशक के पद पर नियुक्ति छह वर्ष की अवधि के लिए या अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पे मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200 – 2,24,100) तथा स्वीकार्य भत्तों के साथ की जाएगी। इस कार्यकाल का नवीनीकरण केवल असाधारण मामलों में ही किया जा सकेगा। नियमों के अनुसार, निदेशक को सीएसआईआर में निदेशक ग्रेड वैज्ञानिक अर्थात वैज्ञानिक 'एच'/उत्कृष्ट वैज्ञानिक के रूप में आमेलन/पदनियोजन के लिए विचार किया जा सकता है।

**परिलब्धियां/लाभ:** मौजूदा नियमों के अनुसार बाह्य अनुबंध अनुसंधान एवं विकास, परामर्श तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाओं को प्रदान करने से प्राप्त निधि को साझा करने का प्रावधान भी उपलब्ध है। नियमानुसार आवास तथा परिवहन की सुविधा प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, सीएसआईआर नियमों के मुताबिक चिकित्सा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**आवेदन कैसे करें:** वैज्ञानिक और अनुप्रयोगात्मक योगदानों को विस्तार से रेखांकित करने वाले विस्तृत बायोडाटा (जीवनवृत्त) तथा प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची के साथ इस पद के लिए आवेदन/नामांकन, ईमेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर ईमेल द्वारा अथवा निदेशक भर्ती सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001 को डाक द्वारा भेजे जा सकते हैं। नीचे दिए गए प्रपत्र में एक संक्षिप्त बायोडाटा भी भेजा जाए। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **15 सितम्बर, 2026** है।

**बायोडाटा का प्रपत्र**

1. आवेदित/नामांकित प्रयोगशाला का नाम:
2. नाम:
3. जन्म तिथि:
4. वर्तमान पद और पता:
5. शैक्षणिक अर्हताएं:
6.

| क्र.सं. | डिग्री / प्रमाण पत्र | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विश्वविद्यालय / संस्थान | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

7. शैक्षणिक/अनुसंधान अनुभव/रोजगार

| क्र.सं. | से | तक | संगठन का नाम | धारित पद (पदनाम) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

8. विशेषज्ञता के क्षेत्र:
9. प्राप्त सम्मान/पुरस्कार/मान्यताएं:
10. पेशेवर संबद्धताएं:
11.
    क. अनुसंधान प्रकाशनों की सूची, लोकप्रिय लेखों (यदि कोई हो) सहित;

    ख. वर्तमान विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित, पिछले 10 वर्षों में प्राप्त सर्वश्रेष्ठ पेशेवर आउटपुट/परिणामों की सूची;

ग. विशेषज्ञता के क्षेत्र में किए गए योगदानों के प्रमुख बिंदु (हाइलाइट्स)।

12. * लेखक/संपादक के रूप में प्रकाशित पुस्तकों की संख्या :

13.

क. स्वीकृत/आवेदित पेटेंटों/कॉपीराइटों/ट्रेडमार्क/बौद्धिक संपदा अधिकारों की संख्या एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान योगदानों के मुख्य बिंदु;

ख. विकसित, अनुज्ञप्त और/या वाणिज्यिकृत की गई प्रौद्योगिकियों का विवरण।

14. निर्देशित शोध–प्रबंध:

क. पीएचडी

ख. स्नातकोत्तर

15. सीएसआईआर–एनबीआरआई के प्रमुख के रूप में आपके दृष्टिकोण (विज़न) का 1–2 पृष्ठ का सारांश

16. उच्च प्रतिष्ठा वाले 5 पेशेवर संदर्भकर्ताओं (रेफरीज) की सूची, जिनके साथ अभ्यर्थी ने अतीत में परस्पर कार्य/संवाद किया हो।

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी मेरे सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य है।

आवेदक के हस्ताक्षर

तिथि:
स्थान:

* विवरण अलग से संलग्न किए जा सकते हैं।

आवेदकों से यह भी अनुरोध है कि वे अतिरिक्त रूप से नीचे दिए गए प्रपत्र को वर्ड फ़ाइल प्रारूप में भरें और इसे संबंधित आवेदित पदों के लिए अपने आवेदनों के साथ भेजें:

| नाम, पता और जन्म तिथि | अर्हता और विशेषज्ञता | अनुभव (कालानुक्रमिक क्रम में) | सम्मान/पुरस्कार | प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की संख्या | 05 संदर्भकर्ताओं (रेफरीज) की सूची |
|---|---|---|---|---|---|